Dabang Dunia (Indore), 15th October 2020, Page-2

# ऑनलाइन होगा आईआईटी के 412 विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह

## मेडल वाले विद्यार्थियों को परिसर में किया जाएगा सम्मानित

इंदौर » सिटी रिपोर्टर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी इंदौर (आईआईटी-आई) का आठवां दीक्षांक समारोह 19 अक्टूबर को होगा। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के मुख्य आतिथ्य में 412 विद्यार्थियों को डिग्री बांटी जाएगी। इसमें बीटेक के 233, एमएससी के 58, एमटेक के 57, एमएस रिसर्च के 6 और 58 पीएचडी स्कॉलर्स हैं। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को राष्ट्रपति की ओर से गोल्ड मैडल और पांच विद्यार्थियों को आईआईटी इंदौर की तरफ से सिल्वर मैडल दिए जाएंगे। इसमें बीटेक की सिविल और मेटलर्जी इंजीनियरिंग ब्रांच के क्रमशः 34 और 31 छात्र, मैकेनिकल सिस्टम डिजाइन और मेटलर्जी इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन के साथ एमटेक करने वाले 10-10 छात्र और एमएससी एस्ट्रोनॉमी के 7 छात्र शामिल हैं। मेडल हासिल करने वाले छात्र, संस्थान परिसर में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित होंगे। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक होंगे। विशेष अतिथि राज्य शिक्षा मंत्री संजय धोत्रे मौजूद रहेंगे। बोर्ड चेयरमैन डॉ. दीपक बी फाटक अध्यक्षता करेंगे तथा सीनेट चेयरमैन प्रोफेसर नीलेश कुमार जैन छात्रों को डिग्री प्रदान करेंगे।